इंदिरा मार्केट में 15 लाख के नकली जूते जब्त

By: Inextlive | Updated Date: Sun, 06 May 2018 07:00:31 (IST)

- एसएसपी को मिली थी डुप्लीकेट शूज बेचे जाने की सूचना

- एसपी सिटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इंदिरा मार्केट में मारा छापा

- तीन दुकानों से 250 पेयर डुप्लीकेट शूज बरामद

देहरादून, कोतवाली इलाके के इंदिरा मार्केट में पुलिस ने कई दुकानों पर रेड कर 15 लाख रुपए के डुप्लीकेट जूते जब्त किए। ये ब्रांडेड शूज के नाम पर बेचे जा रहे थे। बताया जा रहा है कि एसएसपी निवेदिता कुकरेती को दून में बड़ी तादाद में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर डुप्लीकेट जूते बेचने की शिकायतें मिल रही थीं। एसएसपी ने इसे लेकर एसपी सिटी प्रदीप राय को कार्रवाई के आदेश दिए। एसपी सिटी के निर्देशन में कोतवाल बीबीडी जुयाल व पुलिस टीम ने इंदिरा मार्केट की तीन दुकान गोल्डस्टार फुटवेयर, अरोरा फुटवेयर और करुणा शूज पर छापा मारा। छापेमारी में दुकानों से नाइकी व वेंस के डुप्लीकेट जूते बरामद किए गए। तीनों दुकानों को पुलिस ने सील कर दिया है।

250 जोड़ी नकली जूते बरामद

पुलिस को शू कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधि कंवलजीत सिंह ने इंदिरा मार्केट में कॉपीराइट एक्ट का उल्लंघन कर नकली शूज बेचे जाने की सूचना दी। इस पर सैटरडे शाम पुलिस ने तीन दुकानों पर छापेमारी की जिसमें करीब 250 जोड़ी डुप्लीकेट जूते पकड़े गए।

कीमत करीब 15 लाख

नाइकी शूज के अधिकृति प्रतिनिधि के मुताबिक जिन कंपनियों के डुप्लीकेट शूज बरामद किए गए हैं, उनके एक पेयर की कीमत 3 से 50 हजार रुपए तक है। शूज के जिन मॉडल्स के डुप्लीकेट पेयर मिले हैं, उनकी कीमत करीब 15 लाख रुपए तक आंकी गई है।

इंदिरा मार्केट में डुप्लीकेट शूज बेचने की सूचना मिली थी। एसएसपी के आदेश पर छापेमारी की गई, तीन दुकानों को सील किया गया है, 250 पेयर डुप्लीकेट शूज बरामद किए गए हैं।

बीबीडी जुयाल, कोतवाल

Source: https://www.inextlive.com/duplicate-shoes-captured-in-police-raid-185482